Toppersnotes
Unleash the topper in you

# राजस्थान

## सामान्य अध्ययन

# इतिहास
# एवं कला संस्कृति

SIERRA INNOVATIONS

# राजस्थान का इतिहास, कला एवं संस्कृति

## भाग – 1



| क्र.सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान के इतिहास के प्रमुख स्रोत | **1** |
| 2. | राजस्थान का प्राक् एवं आद्य ऐतिहासिक युग | **9** |
| 3. | राजस्थान का प्रारम्भिक इतिहास और राजपूतों की उत्पत्ति | **18** |
| 4. | मेवाड़ का इतिहास | **21** |
| 5. | राठौड़ राजवंश और मारवाड़ का इतिहास | **35** |
| 6. | गुर्जर प्रतिहार वंश व परमार वंश (6 वीं शताब्दी से 12 वीं शताब्दी तक) | **45** |
| 7. | चौहानों का इतिहास | **50** |
| 8. | आमेर का इतिहास (कच्छवाहा वंश) | **62** |
| 9. | जैसलमेर का भाटी वंश | **73** |
| 10. | करौली-भरतपुर का इतिहास | **77** |
| 11. | राजस्थान और 1857 का विद्रोह | **80** |
| 12. | राजस्थान में किसान आंदोलन | **88** |
| 13. | राजस्थान की प्रशासन और राजस्व व्यवस्था | **95** |
| 14. | राजस्थान में राजनीतिक जागृति | **101** |
| 15. | राजस्थान का राजनीतिक एकीकरण | **109** |
| 16. | प्रजामंडल आंदोलन | **117** |
| 17. | राजस्थान में जनजातीय आंदोलन | **125** |
| 18. | प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी एवं व्यक्तित्व | **129** |
| 19. | राजस्थान की चित्रकला | **143** |
| 20. | राजस्थान की हस्तशिल्प कला | **154** |
| 21. | राजस्थानी भाषा एवं बोलियाँ | **162** |
| 22. | राजस्थान के प्रसिद्ध लोक गीत | **166** |
| 23. | राजस्थान के लोक नृत्य | **176** |
| 24. | राजस्थान के लोक नाट्य | **183** |
| 25. | राजस्थान का साहित्य | **187** |
| 26. | राजस्थान के संत और लोक देवी – देवता | **199** |
| 27. | राजस्थान के मेले और त्योहार | **212** |
| 28. | राजस्थान के आभूषण एवं वेशभूषा | **224** |
| 29. | राजस्थान स्थापत्य एवं शिल्प कला | **230** |
| 30. | राजस्थान के प्रमुख रीति-रिवाज एवं प्रथाएँ | **253** |

# 1 CHAPTER

# राजस्थान के इतिहास के प्रमुख स्रोत

- **राजस्थान इतिहास के जनक** - कर्नल जेम्स टॉड ।
  - वर्ष 1818 से 1821 ई. के मध्य **मेवाड़** (उदयपुर) प्रांत के **पोलिटिकल एजेन्ट** थे।
  - इन्हें लोग **घोडे वाले बाबा** कहते थे।
  - **एनल्स एण्ड एंटीक्वीटीज ऑफ़ राजस्थान/ सेन्ट्रल एण्ड वेस्टर्न राजपूत स्टेट ऑफ इंडिया** - लन्दन में वर्ष 1829 में प्रकाशन ।
  - गौरी शंकर हीराचन्द ओझा - **सर्वप्रथम हिन्दी अनुवाद**।
  - **अन्य पुस्तक** - ट्रेवल इन वेस्टर्न इण्डिया
  - **मृत्यु पश्चात वर्ष** 1837 में पत्नी द्वारा **प्रकाशन** ।
- **राजस्थान** में पुरातात्विक सर्वेक्षण कार्य सर्वप्रथम ( 1871 ई) प्रारम्भ करने का **श्रेय ए.सी.एल. कार्लाइल** जाता है । [L.S.A. 2016]

## पुरातात्विक स्रोत




## शिलालेख

| | |
|---|---|
| **रायसिंह प्रशस्ति** (बीकानेर 1594 ई. में) [Const – 2018] | • प्रशास्तिकार- जैन मुनि जैता।<br>• इसमें राव बीका से लेकर राव रायसिंह तक के बीकानेर के शासकों की उपलब्धियों का वर्णन है ।<br>• इसके अनुसार बीकानेर दुर्ग का निर्माण 30 जनवरी, 1589 से 1594 ई. तक राव रायसिंह ने अपने मंत्री करमचंद द्वारा पूरा करवाया था। |
| **मंडोर अभिलेख()** (837 ई में जोधपुर) | • यह गुर्जर नरेश बाउक की प्रशस्ति है।<br>• इस में गुर्जर प्रतिहारों की वंशावली, विष्णु एवं शिव पूजा का उल्लेख किया गया है। |
| **सच्चियाय माता की प्रशस्ति** (1179 ई. ओसिया, जोधपुर) | • सच्चियाय माता के मंदिर, में उत्कीर्ण किया गया है।<br>• इसमें कल्हण को महाराजा एवं कीर्तिपाल को मांडव्यपुर का अधिपति बताया गया है। |
| **बिजौलिया शिलालेख** [BCI – 2022/ /Agri Of - 2021/[PTI -2018/CET - 2023 | • 1170 ई. में इसे बिजौलिया के पार्श्वनाथ मन्दिर परिसर की एक बड़ी चट्टान पर संस्कृत में उत्कीर्ण किया गया।<br>• इस अभिलेख की स्थापना जैन **श्रावक लोलक द्वारा** कराई गई थी तथा इसके लेखक **कायस्थ केशव** थे।<br>• रचयिता- गुणभद्र।<br>• इसमें सांभर व अजमेर चौहानों को **वत्सगोत्रीय ब्राह्मण बताते** हुए वंशावली दी गई है।<br>• चौहान राजा सोमेश्वर के शासन काल में<br>• जाबालिपुर(जालौर), शाकम्भरी, श्रीमाल जैसे प्राचीन नगरों का उल्लेख है |

Toppersnotes Unleash the topper in you

| | |
|---|---|
| **घटियाला अभिलेख (861 ई.)** [Lab Ass – 2022/VDO Mains – 2022/2nd Grade - 2023] | • प्रतिहार राजा – कक्कुक<br>• मंडोर (जोधपुर )<br>• भाषा – संस्कृत<br>• आभीरो पर विजय<br>• मग' जाति के ब्राह्मणों का उल्लेख |
| **बसंतगढ़ अभिलेख** (625 ई. सिरोही) | • यह बसंतगढ़ (सिरोही) के क्षेमकरी (खिमेल) माता मंदिर से प्राप्त हुआ है।<br>• यह अर्बुद देश के राजा वर्मलात के सामंत रज्जिल तथा रज्जिल के पिता वज्रभट्ट (सत्याश्रय) का वर्णन करता है।<br>• इस अभिलेख में राजस्थान शब्द का प्राचीनतम प्रयोग **'राजस्थानीयादित्य' के रूप में किया गया है।** |
| **चिरवे का अभिलेख (1273 ई. \ वि.सं. 1330 उदयपुर)** [Patwar – 2016/JEN(Agri)-2022] | • **प्रशास्तिकार** – रत्नप्रभ सूरी<br>• **इसके शिल्पी** – देल्हण<br>• **भाषा -संस्कृत**<br>• गुहिल वंशीय बप्पा के वंशधर पदम सिंह, जैत्र सिंह, तेज सिंह और समर सिंह की उपलब्धियो का उल्लेख<br>• एकलिंगजी के अधिष्ठाता पाशुपत योगियों के अग्रणी शिवराशि का भी वर्णन किया गया है। |
| **अपराजित का शिलालेख** [Raj Police – 2018] | • 661 ई. में उदयपुर जिले के नागदे गाँव के निकट कुंडेश्वर मंदिर की दीवार पर अंकित किया गया।<br>• रचयिता - दामोदर<br>• 7वीं सदी के मेवाड़ के इतिहास की जानकारी। |
| **सामोली अभिलेख (646) (उदयपुर)** | • इसके अनुसार वटनगर (सिरोही) से आये हुए महाजन समुदाय के मुखिया जैतक महत्तर ने अरण्यवासिनी देवी (जावर माता का) मंदिर बनवाया था।<br>• जैतक महत्तर ने 'बुक' नामक सिद्धस्थान पर अग्नि समाधि ले ली।<br>• यह अभिलेख जावर के निकट अरण्यगिरी में ताँबे व जस्ते के खनन उद्योग की जानकारी देता है। |
| **आमेर का लेख (**1612 ई**)** | • इसमें कछवाहा वंश को **रघुवंशतिलक"'** कहकर संबोधित किया गया है।<br>• इसमें पृथ्वीराज एवं उसके पुत्र भगवानदास और उसके पुत्र महाराजधिराज मानसिंह के नाम क्रम से दिए गए हैं। |
| **भाब्रू शिलालेख** | • यहाँ अशोक मौर्य के 2 शिलालेख मिले हैं<br>• यह 1837 ई. में "बीजक की पहाड़ी से कैप्टन बर्ट द्वारा खोजा गया था।<br>• वर्तमान में यह कलकता संग्रहालय में रखा है।<br>• इससे अशोक के बुद्ध धर्म का अनुयायी होना सिद्ध होता है।<br>• इसे मौर्य सम्राट अशोक ने स्वयं उत्कीर्ण करवाया था। |
| **घोसुण्डी शिलालेख** [ARO-2022/Agri Sup – 2021 /2nd Grade - 2022/Lab Ass - 2022] | • घोसुण्डी, चित्तौडगढ़ से प्राप्त हुआ।<br>• भाषा -संस्कृत, लिपि- ब्राह्मी \|<br>• सर्वप्रथम डी. आर. भंडारकर द्वारा पढ़ा गया।<br>• **वैष्णव या भागवत** संप्रदाय से संबंधित।<br>• एक बड़ा खण्ड उदयपुर संग्रहालय में सुरक्षित \|<br>• अश्वमेध यज्ञ करने और विष्णु मंदिर की चारदीवारी बनवाने का वर्णन है। |
| **नगरी का शिलालेख (200-150 ई.पू)** | • ब्राह्मी लिपि में संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण किया गया है।<br>• इसकी लिपि घोसुण्डी के लेख से मिलती है।<br>• घोसुण्डी शिलालेख नगरी शिलालेख में जुड़वा अभिलेख\|<br>• राजस्थान वर्तमान में राजस्थान के उदयपुर संग्रहालय में स्थित। |
| **मानमोरी का शिलालेख (सन 713 ई.)** [वनपाल -2022/JEN -2019] | • मौर्य वंश से सम्बंधित यह लेख **चितौड़ के पास मानसरोवर** झील के तट से कर्नल टॉड को मिला था।<br>• इसका प्रशस्तिकार **नागभट्ट का पुत्र पुष्य** है और उत्कीर्णक करुण का पौत्र **शिवादित्य** है।<br>• चित्रांगद मौर्य का उल्लेख है जिसने चितौड़गढ़ का निर्माण करवाया ।<br>• कर्नल जेम्स टॉड ने इसे इंग्लैंड ले जाते समय असंतुलन की वजह से समुद्र में फेंक दिया था। इसमें भीम को अवन्तिपुर का राजा बताया है। |

| | |
|---|---|
| **राज प्रशस्ति (1676 ई./वि.स. 1732)**<br>[Lab Ass - 2022/JEN 20/22<br>जेल प्रहरी -2018 | • प्रशस्तिकार- रणछोड़ भट्ट तैलंग द्वारा।<br>• महाराणा राजसिंह सिसोदिया के समय स्थापित करवाया गया था।<br>• यह राजसमन्द झील की 9 चौकी की पाल पर 25 श्लोकों में उत्कीर्ण विश्व की सबसे बड़ी प्रशस्ति है।<br>• इसमें बापा रावल से लेकर राणा जगतसिंह द्वितीय तक की गुहिलों की वंशावली है।<br>• इसमें महाराणा अमरसिंह द्वारा की गई **मुगल मेवाड संधि** का वर्णन है। |
| **कुम्भलगढ़ शिलालेख (1460 ई.)**<br>[जेल प्रहरी – 2017] | • प्रशस्तिकार उत्कीर्णक /- कवि महेश<br>• राजस्थान के राजसमंद जिले के कुम्भलगढ़ दुर्ग में स्थित कुम्भश्याम मंदिर में स्थित पाँच शिलाओं में उत्कीर्ण है।<br>• इसमें बाप्पा रावल को **विप्रवंशीय** बताया गया है।<br>• इसमें हम्मीर का चेलावाट जीतने का वर्णन है और **उसे विषमघाटी पंचानन** कहा गया है।<br>• उदयपुर संग्रहालय में सुरक्षित है। |
| **कीर्तिस्तंभ प्रशस्ति (1460 ई.)**<br>[Forest Guard-2022] | • **प्रशस्तिका**र- महेश भट्ट<br>• **रचयिता**- अत्रि और महेश<br>• यह राणा कुम्भा की प्रशस्ति है।<br>• इसमें कुम्भा को महाराजाधिराज, अभिनव भरताचार्य, हिन्दू सुरताण, रायरायन, राणो रासो छापगुरु, दानगुरु, राजगुरु, शैलगुरु आदि के नाग से वर्णित किया गया है।<br>• इसमें मालवा और गुजरात की संयुक्त सेनाओं को कुम्भा द्वारा पराजित किये जाने का वर्णन किया गया है। |
| **रणकपुर प्रशस्ति (1439 ई. या वि.सं. 1496), पाली** | • इसे रणकपुर के चौमुखा मंदिर में उत्कीर्ण करवाया गया।<br>• **प्रशस्तिकार** - दैपाक<br>• मेवाड के राजवंश एवं भरणक सेठ के वंश का परिचय मिलता है।<br>• बप्पा एवं कालभोज को अलग- अलग व्यक्ति बताया गया है।<br>• गुहिलों को बाप्पा रावल के पुत्र बताया गया है। |
| **जगन्नाथराय प्रशस्ति** | • प्रशस्तिकार - कृष्णभट्ट<br>• इसमें बाप्पा रावल से लेकर जगतसिंह सिसोदिया तक गुहिलों का वर्णन है।<br>• यह उदयपुर के जगन्नाथ राय मंदिर में स्थित है।<br>• प्रताप के समय लड़े गए हल्दीघाटी के युद्ध का वर्णन किया गया है।<br>• प्रशस्ति के अनुसार महाराणा ने पिछोला के तालाब में मोहन मंदिर बनवाया और रूपसागर तालाब का निर्माण करवाया। |
| **श्रृंगी ऋषि का शिलालेख (1428 ई. उदयपुर)** | • मोकल द्वारा कुण्ड बनाने और उसके वंश का वर्णन किया गया है।<br>• रचनाकार कविराज वाणी बिलारा योगेश्वर |
| **बरनाला अभिलेख (278 ई.)**<br>[Statistical Officer- 2021] | • वैष्णव सम्प्रदाय<br>• जयपुर |

## अभिलेख एवं प्रशस्तियाँ

| नाम | स्थान | काल | विवरण |
|---|---|---|---|
| बरली का शिलालेख<br>[PRO-2019/JEN-2022 | अजमेर (भिलोट माता के मन्दिर से) | दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व | • राजस्थान का प्राचीनतम शिलालेख<br>• ब्राह्मी लिपि<br>• वर्तमान में अजमेर संग्राहलय में सुरक्षित है। |
| नान्दसा यूप स्तम्भ लेख | भीलवाड़ा | 225 ई. | • सोम द्वारा स्थापना |
| बड़वा यूप अभिलेख<br>[Patwar -2016/JEN (Agri) -2022] | कोटा<br>(बडवा गाँव में) | 238-39 वि.सं./ 181 ई. में | • भाषा - संस्कृत एवं लिपि ब्राह्मी<br>• मौखरी राजाओं का वर्णन मिलता है सबसे पुराना और पहला अभिलेख।<br>• तीन यूप (स्तंभ)पर उत्कीर्ण है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| भ्रमरमाता का लेख | चित्तौड़ | 490 ई. | • गौर वंश और औलिकर वंश के शासकों का वर्णन मिलता है।<br>• रचयिता - मित्रसोम का पुत्र ब्रह्मसोम<br>• लेखक - पूर्वा |
| दस्तूर कौमवार [वनपाल -2022] | जयपुर | | • दस्तूर कौमवार जयपुर राज्य के अभिलेखों की महत्वपूर्ण अभिलेख शृंखला है<br>• जयपुर रियासत की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और धार्मिक स्थिति की जानकारी मिलती है। |
| कणसवा अभिलेख | कोटा | 738 ई. | • मौर्य वंशी राजा धवल का उल्लेख (शायद राजस्थान का अंतिम मौर्य शासक)। |
| ग्वालियर प्रशस्ति [2nd Grade -2023/COPA -2019] | | 880 ई. | • मिहिरभोज प्रथम की देंन<br>• संस्कृत एवं ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण<br>• लेखक – भट्टधनिक का पुत्र बालादित्य<br>• गुर्जर प्रतिहारों के वंशावलियों एवं उपलब्धियों का उल्लेख मिलता है। |
| प्रतापगढ़ अभिलेख | प्रतापगढ़ | 946 ई. | • गुर्जर प्रतिहार नरेश महेन्द्रपाल की उपलब्धियों का वर्णन है। |
| अचलेश्वर प्रशस्ति | आबू | | • इसमें पुरुष के अग्निकुंड से उत्पन्न होने का उल्लेख है।<br>• परमारों का मूल पुरुष धूमराज होने का वर्णन है। |
| लूणवसही की प्रशस्ति | आबू-देलवाड़ा | 1230 ई. | • भाषा - संस्कृत<br>• इसमें आबू के परमार शासकों और वास्तुपाल तेजपाल के वंश का वर्णन है |
| नाथ प्रशस्ति [वनपाल – 2022] | लकुलिश मंदिर (उदयपुर) | 971 ई. | • मेवाड़ के इतिहास का वर्णन<br>• भाषा – संस्कृत<br>• लिपि - देवनागरी |
| नेमीनाथ की प्रशस्ति | आबू | 1230 ई. | • रचयिता - सोमेश्वरदेव (शुभचन्द्र) [Raj Police -2018]<br>• सुरथोत्सव के रचयिता (शुभचन्द्र) –[2nd Grade – 2022]<br>• इसे सूत्रधार चण्डेश्वर ने खोदा था। |
| रसिया की छतरी का लेख | चित्तौड़गढ़ | 1331 | • रचयिता - प्रियपटु के पुत्र नागर जाति के ब्राह्मण वेद शर्मा।<br>• उत्कीर्णकर्ता - सूत्रधार सज्जन<br>• इसमें गुहिल को बापा का पुत्र बताया गया है। |
| माचेड़ी की बावली का दूसरा शिलालेख | अलवर | 1458 ई. | • इसमें अलवर में बड़ गुर्जर वंशी रजपालदेव राज्य पर अधिकार होने का वर्णन है। |
| बरबथ का लेख | बयाना | 1613-14 ई. | • इसमें अकबर की पत्नी मरियम उस -ज़मानी के द्वारा बरबथ में एक बाग़ और बावड़ी का निर्माण करने का उल्लेख बड़ है। |
| बर्नाला यूप स्तम्भ लेख | जयपुर | 227 ई. | |
| चाटसू अभिलेख | जयपुर | 813 ई. | • गुहिल वंशीय भरत्रभट्ट और उसके वंशजों का वर्णन है।<br>• सूत्रधार – देइआ |
| बुचकला अभिलेख | जोधपुर(बिलाडा) | 815 ई. | • वत्सराज के पुत्र नागभट्ट प्रतिहार का उल्लेख है। |
| राजौरगढ़ अभिलेख | अलवर | 960 ई. | • मथनदेव प्रतिहार |
| हर्ष अभिलेख [JEN -2016] | सीकर | 973 ई. | • चौहानों के वंशक्रम का उल्लेख ।<br>• हर्षनाथ (सीकर) मंदिर का निर्माण अल्लट द्वारा करवाये जाने का उल्लेख ।<br>• वागड़ को वार्गट कहा गया। |
| रसिया की छतरी का शिलालेख [प्रवक्ता (DoTE) – 2021] | चित्तोड़गढ़ | 1274 ई. | • गुहिल वंशीय शासकों की जानकारी (बप्पा से नरवर्मा तक)।<br>• रचनाकार- प्रियपटु के पुत्र वेद शर्मा |
| डूंगरपुर की प्रशस्ति | डूँगरपुर | 1404 ईं | • उपरगाँव (डूँगरपुर) में में संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण।<br>• वागड़ के राजवंशों के इतिहास का वर्णन। |

# सिक्के

- **सर्वप्रथम राजस्थान** के **चौहान वंश** ने मुद्राएँ जारी की।
  - **ताँबे के सिक्के** - द्रम्म और विशोपक
  - **चाँदी के सिक्के** - रूपक
  - **सोने के सिक्के** - दीनार
- मेवाड़ में प्रचलित सिक्के –
  - **ताँम्बे के सिक्के-** ढिंगला, भिलाडी. त्रिशुलिया, भिन्डीरिया, नाथद्वारिया।
  - **चाँदी के** सिक्के- द्रम्म , रूपक।
- अकबर ने राजस्थान में **सिक्का एलची** जारी किया। (चित्तोड़ विजय के बाद )।
  - **अकबर ने आमेर में सर्वप्रथम टकसाल** खोलने की अनुमति दी।
- **राजस्थान के प्राचीन सिक्के**
- अंग्रेजों के समय जारी **मुद्राओं में कलदार** (चाँदी) **सर्वाधिक प्रसिद्ध**

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- तत्कालीन राजपूताना की रियासतों के सिक्कों के विषय पर **केब** ने **1893 ई.**में "**द करेंसी ऑफ द हिंदू स्टेट ऑफ राजपूताना**" नामक पुस्तक लिखी।
- रैढ़ (टोंक) में खुदाई के दौरान 3075 चाँदी के पंचमार्क सिक्के मिले हैं इन सिक्कों को धरण या पण कहा जाता था।
- समयकाल 600 ई. पू. - 200 ई. पू. [ARO -2022]
- रंगमहल (हनुमानगढ़) से आहत मुद्रा एवं कुषाण कालीन मुद्राएँ मिली है।
- बैराठ सभ्यता (कोटपुतली-बहरोड़) से भी अनेक मुद्राएँ मिली है जिनमें से 16 मुद्राएँ प्रसिद्ध यूनानी शासक मिनेण्डर की है।
- इंडो - सासानी सिक्कों की भारतीयों ने गधिया नाम से पहचान की है जो चाँदी और ताम्र धातु के बने हुए होते थे।
- मेवाड़ के स्वरूपशाही और मारवाड़ के आलमशाही सिक्के ब्रिटिश प्रभाव वाले थे जिनमें "औरंग आराम हिंद एवं इंग्लिस्तान क्वीन विक्टोरिया" लिखा होता था।
- राजस्थान में सर्वप्रथम 1900 ई. में स्थानीय सिक्कों के स्थान पर कलदार का चालान जारी हुआ।

| रियासत | सिक्के |
|---|---|
| **बीकानेर** | गजशाही सिक्के (चाँदी), गंगाशाही (विक्टोरिया एम्प्रैस) [RAS -2013] |
| **जैसलमेर** | मुहम्मदशाही, अखैशाही, डोडिया (ताँबा) [जेल प्रहरी – 2017] |
| **उदयपुर** | स्वरूपशाही, चांदोडी, शाहआलमशाही, ढीन्गाल, त्रिशुलियाँ, भिलाडी, कर्षापण, भीड़रिया, पदमशाही, ' गाधिया' [अन्वेषण -16 /जेल प्रहरी –18] |
| **चितौड़** | एलची, चांदोड़ी रुपया, अठन्नी, चवन्नी, दो अन्नी,एक अन्नी [JEN -2020] |
| **डूँगरपुर** | उदयशाही, त्रिशूलिया, पत्रिसीरिया, चित्तौडी, सालिमशाही सिक्का। |
| **बाँसवाड़ा** | सालिमशाही सिक्का , लक्ष्मणशाही |
| **प्रतापगढ** | सालिमशाही, मुबारकशाही, सिक्का मुबारक, लंदन सिक्का। |
| **शाहपुरा** | संदिया, मधेशाही, चित्तौडी, भिलाड़ी सिक्का |
| **कोटा** | गुमानशाही, हाली, मदनशाही सिक्के |
| **झालावाड** | पुराने और नए मदनशाही सिक्के |
| **करौली** | माणकशाही |
| **धौलपुर** | तमंचाशाही सिक्का |
| **भरतपुर** | शाहआलमा |
| **अलवर** | अखैशाही, रावशाही सिक्के, ताँबे के रावशाही सिक्का, अंग्रेजी पाव आना सिक्का [जेल प्रहरी –18] |
| **जयपुर** | झाड़शाही, मुहम्मदशाही, हाली। [CET -2023] |
| **जोधपुर** | विजयशाही, भीमशाही, गदिया, गजशाही , लल्लूलिया रुपया। |
| **सोजत** | लल्लूलिया (पाली) एवं लाल्लुशाही सिक्के [जेल प्रहरी –18] |
| **सलूम्बर** | पदमशाही (ताम्रमुद्रा) |
| **किशनगढ़** | शाहआलमी |
| **बूँदी** | रामशाही सिक्का ग्यारह- सना, कटारशाही, चेहरेशाही, पुराना रुपया। |
| **नागौर की टकसाल** | अमरशाही, कुचामनिया सिक्का (कुचामन टकसाल) इसे **इक्तिसंदा, बोपुशाही, बोरसी** भी कहते है। [Patwar Mains – 2016] |
| **पाली** | बिजैशाही |
| **सिरोही** | चाँदी की भिलाड़ी, ताँबे का ढब्बूशाही |
| **सलूम्बर** | पदमशाही |
| Coll Lect-2016/ BCI -2022 | |

# ताम्रपत्र

## राजस्थान के प्रमुख ताम्र पत्र

| ताम्र पत्र | काल | के बारे में |
|---|---|---|
| **धुलेव का दान पत्र** | 679 ई. | • किष्किंधा (कल्याणपुर) के राजा भेटी द्वारा उब्बरक नामक गांव को भट्टिनाग नामक ब्राह्मण को अनुदान देने का उल्लेख। |
| **ब्रोच गुर्जर ताम्रपात्र** | 978 ई. | • गुर्जर वंश के सप्तसैंधव भारत से लेकर गंगा कावेरी तक के अभियान का वर्णन। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • इसके आधार पर कनिंघम ने राजपूतों को कुषाणों की यू-ए-ची जाति माना। |
| **मथनदेव का ताम्र-पत्र** | 959 ई. | • मंदिर के लिए भूमि दान की व्यवस्था का उल्लेख है। |
| **वीरपुर का दान पत्र** | 1185 ई. | • इसमें गुजरात के चालुक्य राजा भीमदेव के सामंत वागड़ के गुहिल वंशीय राजा अमृतपालदेव के सूर्यपर्व पर भूमिदान देने का उल्लेख है। |
| **आहड़ ताम्र-पत्र** | 1206 ई. | • गुजरात के सोलंकी राजा भीमदेव (द्वितीय) का है।<br>• गुजरात के मूलराज से भीमदेव द्वितीय तक सोलंकी राजाओं की वंशावली दी गई है । |
| **पारसोली का ताम्र-पत्र** | 1473 ई. | • महाराणा रायमल के समय का है।<br>• भूमि की किस्मों का उल्लेख – पीवल, गोरमो, माल, मगरा ।<br>○ यह भूमि उस समय की सभी लागतों से मुक्त थीं। |
| **खेरादा ताम्र-पत्र** | 1437 ई. | • एकलिंगजी में राणा कुंभा द्वारा किए गए प्रायश्चित, उस समय का दान, धार्मिक स्थिति की जानकारी मिलती है। |
| **चीकली ताम्र-पत्र** | 1483 ई. | • किसानों से एकत्र किए जाने वाले 'विविध लाग-बागों' को दर्शाता है।<br>• पटेल, सुथार और ब्राह्मणों द्वारा खेती का वर्णन। [JEN -2016] |
| **ढोल का ताम्र-पत्र** | 1574 ई. | • महाराणा प्रताप के समय का है जब उन्होंने ढोल नामक एक गाँव की सैन्य चौकी का प्रबंधन किया था और अपने प्रबंधक जोशी पुणो को ढोल में भूमि अनुदान दिया। |
| **पुर का ताम्र-पत्र** | 1535 ई. | • जौहर में प्रवेश करते समय हाड़ी रानी कर्मवती द्वारा दिए गए भूमि अनुदान के बारे में जानकारी । [वनरक्षक – 2022] |
| **कोघाखेड़ी (मेवाड़) का ताम्रपत्र** | 1713 ई. | • कोघाखेड़ी गाँव का उल्लेख जिसे महाराणा संग्राम सिंह द्वितीय ने दिनकर भट्ट को हिरण्याशवदान में दिया था। |
| **गाँव पीपली (मेवाड़) का ताम्रपात्र** | 1576 ई. | • स्पष्ट करता है कि हल्दीघाटी के युद्ध के बाद, महाराणा प्रतापसिंह ने मध्य मेवाड़ के क्षेत्र में लोगों को बसाने का काम शुरू किया। |
| **कीटखेड़ी (प्रतापगढ़) का ताम्रपत्र** | 1650 ई. | • कीटखेड़ी गाँव के भट्ट विश्वनाथ को दान देने से संबंधित है।<br>• राजमाता चौहान द्वारा निर्मित गोवर्धननाथजी के मंदिर की प्रतिष्ठा के समय दिया गया था। |
| **डीगरोल गाँव का ताम्र-पत्र** | 1648 ई. | • महाराणा जगतसिंह के काल का है। |
| **रंगीली ग्राम (मेवाड़) का ताम्रपत्र** | 1656 ई. | • महाराणा राजसिंह के समय का है।<br>○ उन्होंने गंधर्व मोहन को रंगीला नामक गाँव दिया<br>○ गाँव में खड़, लाकड और टका की लागत को हटा लिया गया । |
| **बेडवास गाँव का दान पत्र** | 1643 ई. | • समरसिंह (बाँसवाड़ा) के काल का है।<br>• हल भूमि दान का उल्लेख है। |
| **राजसिंह का ताम्रपत्र** | 1678 ई. | • महाराणा राज सिंह के समय का है। |
| **बेंगू का ताम्रपत्र** | 1715 ई. | • महाराणा संग्राम सिंह के समय का है। |
| **बेडवास का ताम्र पत्र** | 1559 ई. | • उदयपुर बसाने के संवत् 1616 की पुष्टि पर प्रकाश डालता है। |
| **लावा गाँव का ताम्रपत्र** | 1558 ई. | • महाराणा उदयसिंह ने लड़कियों की शादी के अवसर पर 'मापा' कर नहीं लेने आदेश । |

## पुरालेखागारीय स्रोत

**राज्य अभिलेखागार बीकानेर** में निम्नलिखित बहियाँ **संग्रहीत** है -

- **हकीकत बही**- राजा की दिनचर्या का उल्लेख
- **हुकूमत बही** - राजा के आदेशों की नकल
- **कमठाना बही** - भवन व दुर्ग निर्माण संबंधी जानकारी
- **खरीता बही** - पत्राचारों का वर्णन

## साहित्यिक स्रोत

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- **रास -** 11वीं शताब्दी के आसपास जैन कवियों द्वारा रचा गया ।
- **रासो** - रास के समानांतर राजाश्रय में रासो साहित्य लिखा गया जिसके द्वारा तत्कालीन, ऐतिहासिक, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक परिस्थितियों के मूल्यांकन की

आधारभूत पृष्ठभूमि निर्मित हुई ।

- **वेलि** - राजस्थानी वेलि साहित्य में यहाँ के शासकों एवं सामन्तों की वीरता, इतिहास, विद्वता, उदारता, प्रेम-भावना, स्वामिभक्ति, वंशावली आदि घटनाओं का उल्लेख होता है ।
- **ख्यात** - ख्यात का अर्थ होता है ख्याति अर्थात् यह किसी राजा महाराजा की प्रशंसा में लिखा गया ग्रंथ ।
  - यह वंशावली व प्रशस्ति लेखन का विस्तृत रुप होता है।
  - ख्यात साहित्य गद्य में लिखा जाता है।

## पृथ्वीराज रासो, चन्दबरदाई

- यह ग्रन्थ पृथ्वीराज चौहान के दरबारी कवि चन्दबरदाई द्वारा पिंगल भाषा में लिखा गया जिसे उसके पुत्र जल्हण द्वारा पूरा किया गया।
- इसमें गुर्जर-प्रतिहार, परमार, सोलंकी/ चालुक्य, और चौहानों की गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र आदि के आबू पर्वत के अग्निकुंड से उत्पत्ति का उल्लेख है।

## मुहणोत नैणसी री ख्यात

- यह मारवाड़ी और डिंगल में लिखा गया है।
- नैणसी (1610- 70 ई.) जोधपुर महाराजा जसवंतसिंह प्रथम के दरबारी कवि एवं दीवान थे।
- इसमें समस्त राजपूताने सहित जोधपुर के राठौड़ो का विस्तृत इतिहास लिखा गया है।

नैणसी को मुंशी देवी प्रसाद द्वारा "राजपूताने का अबुल फजल" कहा गया।

## मारवाड़ रा परगना री विगत / गावां री ख्यात

- मुहणोत नैणसी द्वारा कृत है।
- बहुत बड़ी होने के कारण इसे “सर्वसंग्रह” भी कहा जाता है।
- इसे “राजस्थान का गजैटियर” भी कहा जाता है ।

## बांकीदास री ख्यात / जोधपुर राज्य री ख्यात

- लेखक - बांकीदास (जोधपुर के महाराजा मानसिंह राठौड़ के दरबारी कवि) ।
- राठौड़ो और अन्य वंशों का विवरण है।
- मारवाड़ी और डिंगल भाषा में लिखी गई है।

## दयालदास री ख्यात

- लेखक - दयालदास सिढायच (बीकानेर के महाराज रतनसिंह के दरबारी कवि) ।
- इसे मारवाड़ी (डिंगल) भाषा में लिखा गया है।
- इसमें बीकानेर के राठौड़ो के प्रारंभ से लेकर महाराजा सरदारसिंह तक का इतिहास लिखा गया है (2 भाग)

## मुण्डियार री

- राव सीहा के द्वारा मारवाड में राठौड़ राज्य की स्थापना से लेकर महाराजा जसवंतसिंह प्रथम तक का वृत्तांत मिलता है।

## कवि राजा री ख्यात

- इस ख्यात में जोधपुर के नरेश महाराजा जसवंत सिंह प्रथम के शासन काल के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया गया है।
- इसके अतिरिक्त राव जोधा, रायमल, सूरसिंह के मंत्री भाटी गोबिन्ददास के उपाख्यान भी शामिल है।

## किशनगढ़ री ख्यात

- किशनगढ़ के राठौड़ों का इतिहास

## भाटियों री ख्यात

- जैसलमेर के भाटियों का इतिहास

| राजस्थानी साहित्य | साहित्यकार |
|---|---|
| पृथ्वीराजरासो | चन्दबरदाई |
| बीसलदेव रासो | नरपति नाल्ह |
| हम्मीर रासो | शारंगधर |
| संगत रासो | गिरधर आंसिया |
| वेलि क्रिसन रुकमणी री | पृथ्वीराज राठौड़ |
| अचलदास खीची री वचनिका | शिवदास गाडण |
| पाथल और पीथल | कन्हैया लाल सेठिया |
| धरती धोरा री | कन्हैया लाल सेठिया |
| लीलटांस | कन्हैया लाल सेठिया |
| रूठीराणी, चेतावणी रा चूंगठिया | केसरीसिंह बारहठ |
| राजस्थानी कहांवता | मुरलीधर व्यास |
| राजस्थानी शब्दकोश | सीताराम लीलास |
| नैणसी री ख्यात | मुहणौत नैणसी |
| मारवाड रा परगाना री विगत | मुहणौत नैणसी |
| राव रतन री वेलि (बूँदी के राजा रतनसिंह के बारे में) | कल्याण दास |
| कान्हड़दे प्रबंध | कवि पद्मनाभ (अलाउद्दीन के जालौर आक्रमण का वर्णन) |
| राव जैतसी रो छंद | बीठू सूजा |
| राजरूपक | वीरभान |
| सूरज प्रकाश | करणीदान (जोधपुर महाराजा अभयसिंह के दरबारी कवि) |
| वंश भास्कर | सूर्यमल्ल मिश्रण |

| संस्कृत साहित्य | साहित्यकार |
|---|---|
| **पृथ्वीराज विजय** | जयानक (कश्मीरी) |
| **हम्मीर महाकाव्य** | नयन चन्द्र सूरी |

| | |
|---|---|
| **हम्मीर मदमर्दन** | जयसिंह सूरी |
| **कुवलयमाला** | उद्योतन सूरी |
| **वंश भास्कर /छंद मयूख** | सूर्यमल्ल मिश्रण (बूँदी) |
| **नृत्य रत्नकोष** | राणा कुंभा |
| **भाषा भूषण** | जसवंत सिंह |
| **एकलिंग महात्मय** | कुम्भा |
| **ललित विग्रहराज** | कवि सोमदेव |
| **राजवल्लभ** | मण्डन (महाराणा कुम्भा के मुख्य कवि) |
| **राजविनोद** | भट्ट सदाशिव |
| **कर्मचन्द्र वंशोत्कीर्तनकं काव्यम्** | जयसोम |
| **अमरसार** | पंडित जीवधर |
| **राजरत्नाकर** | सदाशिव |
| **अजितोदय** | जगजीवन भट्ट (जोधपुर राजा अजीतसिंह के दरबारी कवि)। |

| फारसी साहित्य | साहित्यकार |
|---|---|
| **तारीख -ए-राजस्थान** | कालीराम कायस्थ |
| **वाकीया-ए-राजपूताना** | मुंशी ज्वाला सहाय |

## महत्वपूर्ण ऐतिहासिक युद्ध

| वर्ष | युद्ध | के बीच हुआ | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 1191 | तराइन का प्रथम युद्ध | पृथ्वीराज-मोहम्मद गौरी | गौरी की हार हुई |
| 1192 | तराइन का द्वितीय युद्ध | पृथ्वीराज-मोहम्मद गौरी | पृथ्वीराज की हार हुई |
| 1301 | रणथंभौर का युद्ध | हम्मीरदेव-अलाउद्दीन खिलजी | हम्मीर की हार |
| 1303 | चित्तौड़ का युद्ध | राणा रतन सिंह-अलाउद्दीन खिलजी | राणा रतन सिं की हार |
| 1311 | सिवाना का युद्ध | सातलदेव चौहान-अलाउद्दीन खिलजी | साहलदेव की हार |
| 1527 | खानवा का युद्ध | राणा सांगा - बाबर | राणा सांगा की हार |
| 1544 | सुमेल का युद्ध (जैतारण) | मालदेव-शेरशाह सूरी | मालदेव की हार |
| 1576 | हल्दीघाटी का युद्ध | महाराणा प्रताप-अकबर | महाराणा प्रताप की हार |
| 1582 | दिवेर का युद्ध | महाराणा प्रताप, अमर सिंह - मुगल सेना | महाराणा विजयी |
| 1644 | मतीरे की राड़ | अमरसिंह (नागौर)- कर्णसिंह | अमरसिंह विजयी |
| 1803 | लसवारी का युद्ध | दौलत राव सिंधिया-लॉर्ड लेक | सिंधिया की हार |

## अन्य पुरावशेष

- **पुरानों में मत्स्य जनपद(** अलवर, भरतपुर, जयपुर, और दौसा ) **का उल्लेख मिलता है जिसकी राजधानी विराट नगर (** बैराट– टपुतली – बहरोड़ जिला) थी।
- **स्कंदपुराण** - भारतीय राज्यों की एक सूची देता है जिसमें राजस्थान के कुछ राज्य शामिल हैं - शाकम्भरी सपादलक्ष; मेवाड़ सपादलक्ष; तोमर सपादलक्ष: वागुरी (बेडेड); विराट (बैराट); और भद्र।
- ऑरैल स्टैन अपने सर्वेक्षण कार्य को अप्रैल, 1942 में 'दी जियोग्राफिकल जनरल' में शीर्षक भी 'ए सर्वे वर्क ऑफ एनसियेण्ट साइट्स एलोंग दी लोस्ट सरस्वती रिवर' रखा। [RAS- 2013]
- **चीनी यात्री युआनच्वांग** - पो-ली-ये-ता-लो नामक स्थान का उल्लेख किया है जिसे विराट या बैराट (कोटपुतली -बहरोड़) के समकक्ष माना जाता है।
- रचनाओं द्वारा राजस्थान की **राजनीतिक**, **सामाजिक**, **आर्थिक** और **धार्मिक स्थितियों** पर **प्रकाश**।

# 2 CHAPTER

# राजस्थान का प्राक् एवं आद्य ऐतिहासिक युग

## राजस्थान में पुरापाषाण युग (500000 ईसा पूर्व- 10000 ईसा पूर्व)

- इस काल में मानव पत्थर के औजारों का प्रयोग करता था और उसे धातु गलाने और उसे उपकरण निर्माण की कला का ज्ञान नही था।
- पुरापाषाण युग 3 उपयुगों में विभाजित किया जाता है-

### निम्न पुरापाषाण युग (5,00,000 ईसा पूर्व - 50,000 ईसा पूर्व)

- मुख्य रूप से अरावली के पूर्व में केन्द्रित है।
- **विशिष्ट पाषाण औजार** - हेंडएक्स, फ्लेक्स और क्लीवर।
- औजार बनाने के लिए कच्चा माल - क्वार्टजाइट, क्वार्ट्ज और बेसाल्ट ।
- राजस्थान में प्रारंभिक पाषाण युग के स्थलों की पहचान एचुलियन संस्कृति ( शिकारी संस्कृति ) के रूप में फ्रांसीसी साइट सेंट अचेउल के नाम पर रखा गया है।
- राजस्थान के निम्न पुरापाषाण स्थल - मंडपिया, बींगोद, देवली, नाथद्वारा, भैंसरोड़गढ़ और नावघाट।
- भीलवाडा में बनास नदी के किनारे स्थित मंडपिया की खोज वी. एन. मिश्रा ने की थी ।

### मध्य पुरापाषाण (50,000 ईसा पूर्व - 20,000 ईसा पूर्व)

- राजस्थान में मध्य पुरापाषाण स्थल - लूनी घाटी, पाली और जोधपुर, मोगरा, नागरी, बारिधानी, समदड़ी, लूनी, धुंधाड़ा , श्रीकृष्णपुरा, गोलियो, हुंडगाँव, भावी, पिचाक आदि ।

### उच्च पुरापाषाण काल (20,000 ईसा पूर्व - 10,000 ईसा पूर्व)

- महत्वपूर्ण खोज - राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में 40 से अधिक स्थलों पर शुतुरमुर्ग के अंडे के छिल्के मिले।
- बस्तियाँ - जल के स्थायी स्रोतों के पास स्थित होने की एक विशिष्ट प्रवृत्ति।
- मानव द्वारा कला का सबसे प्रारंभिक रूप शैलचित्र (भीमबेटका) के रूप में उत्तर पुरापाषाण काल का है।
- **राजस्थान में उच्च पुरापाषाण स्थल** - उत्तर पाषाणकालीन औजार एवं अवशेष मुख्यतः चम्बल, भैसरोड़गढ़, नवाघाट, बनास तट पर हमीरगढ़, जहाजपुर, देवली व गिलुण्ड, लूनी नदी के तट पर पाली, समदड़ी, शिकारपुर, सोजत, पीपाड़, खींवसर, बनास नदी के तट पर टोंक में भरनी आदि अनके स्थानों से प्राप्त हुए हैं।

## राजस्थान में मध्यपाषाण युग (50,000 ईसा पूर्व - 20,000 ईसा पूर्व)

**बागोर**

- मध्यपाषाणकालीन स्थल
- भीलवाड़ा के निकट कोठारी नदी के किनारे स्थित |
- यह एक बड़े रेत के टीले के रूप में है जिसे महासती कहा जाता है।
- प्रथम उत्खनन 1967 में वी. एन. मिश्रा और डॉ. एल एस लेश्निक द्वारा ।
- इस स्थल से पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य मिले हैं।
- उद्योग की दृष्टि से भारत का सबसे समृद्ध लघुपाषाणिक स्थल है।

- राजस्थान के 2 क्षेत्रों में मध्य पाषाणकालीन स्थल विशेष रूप से खोजे गए हैं -
  - दक्षिण-पूर्वी राजस्थान (मेवाड़)
  - पश्चिमी राजस्थान में निचला लूनी बेसिन
- हालाँकि अधिकतम लघुपाषाणोपकरण उपयोग करने वाले मध्यपाषाण स्थल अरावली विभाजन के पूर्व में दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में खोजे गए हैं ।
  - उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बागौर
- **स्क्रेपर** –
  - 3 × 10 सेमी लम्बा आयताकार तथा गोल औजार ।
  - एक अथवा दोनों किनारों पर धार और एक किनारा पकड़ने के काम आता था।
- **पॉइंट**
  - त्रिभुजाकार स्क्रेपर के बराबर लम्बा तथा चौड़ा उपकरण हैं।
  - 'नोक' या 'अस्त्राग्र' के नाम से भी जाना जाता था।
  - प्राप्ति - चित्तौड़ की बेड़च नदी की घाटियों में, लूनी व उसकी सहायक नदियों की घाटियों में तथा विराटनगर से।

## राजस्थान में नवपाषाण काल

- राजस्थान में मानव मध्यपाषाणकाल से सीधा उत्तर पाषाणकाल में प्रवेश कर गया था।
  - इसलिए राजस्थान में नवपाषाण काल की सभ्यता प्राप्त नहीं होती हैं।
- **राजस्थान में अवशेष** - बनास नदी के तट पर हम्मीरगढ़, जहाजपुर (भीलवाड़ा), लूनी नदी के तट पर समदड़ी (बाड़मेर) तथा भरणी (टोंक)।
- चमकदार मृद्**भाण्ड**, धूसर म मृद्**भाण्ड** तथा मंद वर्ण मृद्**भाण्ड के** अवशेष ।

## ताम्रयुगीन सभ्यताए

**आहड़ सभ्यता (उदयपुर)**

- प्राचीन शिलालेखों में आहड़ का पुराना नाम "ताम्रवती" अंकित है। [PC – 2007]
- 10वीं और 11वीं शताब्दी में इसे "आघाटपुर/ आघाट दुर्ग" या "धूलकोट" या "ताम्रवती नगरी", "ताम्बावली" कहा जाता था।
  [1st/2nd/3rd Gra/CET – 2023/Lab Ass/FG - 2022]
- आयड/ बेड़च नदी के तट पर स्थित है। [3rd Grade -2023]
- यह बनास नदी क्षेत्र [बनास, बेड़च, गंभीरी और कोठारी] में होने की वजह से इसे बनास सभ्यता भी कहा जाता है क्योंकि की इस नदी के प्रवाह क्षेत्र में आहड़ सभ्यता के कई स्थल मौजूद है जैसे गिलुण्ड,ओझियाना, बालाथल, पछमता,भगवानपुरा, रोजड़ी आदि।
  [CET – 2023, 3rd Grade - 2023]
- **अवधि** – 1900 ईसा पूर्व से 1200 ईसा पूर्व तक अस्तित्व में
- **काल** – ताम्र पाषाण काल [Raj PSI -2021]
- **प्रथम उत्खनन कार्य** – 1953 में अक्षय कीर्ति व्यास की अध्यक्षता में। [2nd/3rd Gra -2023/COPA -2023]
- **अन्य उत्खननकर्ता** – 1953-1956 में आर. सी. अग्रवाल (रत्नचन्द्र अग्रवाल) तथा उसके बाद एच.डी.(हंसमुख धीरजलाल) सांकलिया [CET – 2023]

- आहड़ में खुदाई के बाद एक 4000 साल पुरानी ताम्रपाषाणयुगीन संस्कृति की खोज की गई थी, जिसे धूलकोट नामक एक टीले के नीचे दबा दिया गया था
  [EO/RO - 2023]
- आहड़ का सम्पूर्ण कालक्रम दो कालखण्डों में बांटा जा सकता है-प्रथम कालखण्ड 'ताम्रयुगीन' व द्वितीय कालखण्ड 'लौहयुगीन' सभ्यता के द्योतक है।

## विशेषताएँ [RAS – 2021, ARO -2022]

- **प्रमुख उद्योग** - ताँबा गलाना और उसके उपकरण बनाना
  - ताम्बे की खदाने निकट ही स्थित है।
  - ताँबा (धातु) गलाने की एक भट्टी भी प्राप्त
- निवासी **शवों** को उनके **आभूषणों के साथ दफनाते** थे।
- **माप तोल** के बाट प्राप्त
  - वाणिज्य के साक्ष्य
- लाल व काले **मृद्भाण्ड** का प्रयोग किया जाता था।
  [2nd Grade -2023]
  - मृद्भाण्ड **उल्टी तिपाई विधि** से बनाये गए है।
- इसे **बनास संस्कृति** भी कहते हैं।

**गोरे व कोठ** [2nd Grade – 2017]

- आहड़ सभ्यता में पाए गए अनाज रखने के बड़े मृदभांड |
  - प्रमुख खाद्यान्नों - गेहूँ, ज्वार और चावल
  [2nd Gra-2019]

**आहड़ में पाए जाने वाली मुद्राएं**

- ताम्बे की 6 यूनानी मुद्राएं और 3 मुहरें • एक मुद्रा पर 1 त्रिशूल और दूसरी ओर अपोलो देवता अंकित है जिसके हाथ में तीर और तरकश है।

**"बनासियन बुल"**

- आहड़ से मिली टेराकोटा वृषभ आकृतियाँ।

**धर्मा संस्कृति**

- राजसमन्द में गिलुण्ड से आहड़ की समान धर्मा संस्कृति मिली है ।
- अंतर आहड़ में पक्की ईटों का प्रयोग नही होता था जबकि गिलुण्ड में इनका प्रचुर उपयोग होता था।

## प्राप्त वस्तुएँ

- मकानों की **नींवो** में **पत्थरों** का प्रयोग
- **ताँबा गलाने** की **भट्टियाँ** [EO/RO – 2023]
- कपड़े की छपाई हेतु **लकडी** के बने **ठप्पे**
- ईरानी शैली के छोटे **हत्थेदार बर्तन**
- **हड्डी** का **चाकू**
- **सिर खुजलाने** का **यंत्र**
- मिट्टी का **तवा**
- **सुराही**
- एक मकान में **7 चूल्हे** एक पंक्ति में
- टेराकोटा निर्मित **2 स्त्री धड़**
- लेपिस लाजुली -आहड़ के उत्खनन से प्राप्त सामग्री जो बाह्य सम्पर्कों (ईरान) का संकेत देती है।
- रसोई में दो या तीन मूँह वाले चूल्हे तथा बलुए पत्थर के सिलबट्टे प्राप्त हुए हैं। [Women Supervisor-2019]

## महत्वपूर्ण स्थल

| | |
|---|---|
| **पछमता** | • उत्खनन वर्ष 2015<br>• उदयपुर में स्थित है।<br>• हड़प्पा के समकालीन है। |
